डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / स्था0 / 2024 / 3648 दिनांकः 05 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम् संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ के पत्र संख्याः 209 / संसं / 2024 दिनांक 20.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संदर्भ में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम् संस्कृत–भवनम्, लखनऊ के पत्र में उल्लिखित अपने संस्थान के इच्छुक छात्र / छात्राओं को मण्डल तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किये जाने हेतु सूचित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः

1. श्री विनय श्रीवास्तव, निदेशक, उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्, संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ–226007 को सूचनार्थ।
2. स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक 209/सं.प्र./24
दिनाङ्क 20/07/24

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
नया हैदराबाद, लखनऊ।

सेवा में,

कुलसचिव,

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय,

लखनऊ,उत्तर प्रदेश।

विषयः- संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र-छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले राज्य/ निजी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के इच्छुक छात्र दिनांक 10 अगस्त 2024 तक http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मंडल से आरंभ होने वाली **संस्कृत गीत (युवा वर्ग)** तथा राज्यस्तरीय **संस्कृत भाषण एवं संस्कृत श्रुतलेखन** प्रतियोगिता में सभी विषयों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए जूम / मीट पर ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रवेश दिया जाएगा।

पुरस्कार राशि

	मंडलस्तरीय प्रतियोगिता	राज्यस्तरीय प्रतियोगिता
प्रथम स्थान	रू.3000/-	रू.11000/-,
द्वितीय स्थान	रू. 2000/-	रू. 7000/-,
तृतीय स्थान	रू.1000/-	रू.5000/-
सान्त्वना	-	रू.3000/- (कुल तीन पुरस्कार)

7011
25/7/24
DR(D)
A.R.(Exts) Shri Ravindra
25/07

मण्डल तथा राज्यस्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र / योग्यता प्रमाणपत्र तथा संस्थान द्वारा निर्धारित मार्गव्यय दिया जाएगा।

मंडल स्तर पर आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि निम्नवत् है-

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की तिथि –	10 अगस्त 2024 तक
⇨ मंडलस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियागिता -	15 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक
⇨ राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता -	16 - 17 अक्टूबर 2024 (लखनऊ में)

प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार के लिए संयोजक तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु विद्यालय / महाविद्यालय निर्धारित किए गये हैं।

प्रतियोगिता से सम्बन्धित नियमावली, जनपद संयोजक का नाम, सम्पर्क सूत्र, प्रतियोगिता स्थल आदि विस्तृत विवरण https://upsanskritpratibhakhoj.com पर द्रष्टव्य है।

अतः अनुरोध है कि संस्कृत प्रतिभा खोज की संस्कृत गीत (युवा वर्ग) संस्कृत भाषण तथा संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता में अपने विश्वविद्यालय तथा संबद्ध कॉलेज के छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक- यथोक्त।

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक